गुरुवार 26 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण
केशव टाइम्स
आपकी आवाज
प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

गणतंत्र दिवसः प्रधानमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वालंटियर से किया संवाद

# युवाओं के कंधे पर है देश के निर्माण की जिम्मेदारी : मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने बुधवार को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होने वाले एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वालंटियर और कलाकारों के साथ बातचीत की. इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं से संवाद करके ऊर्जा मिलती है, युवाओं के उत्साह से प्रेरणा मिलती है। देश की युवा पीढ़ी जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार है। पीएम ने कहा कि वाइब्रेंट बॉर्डर एरिया प्रोग्राम पर काम कर रहे हैं और सुविधा विकसित की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस ऐसे संगठन हैं, जो युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय लक्ष्यों से, राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते हैं। कोरोना काल में जिस प्रकार एनसीसी और एनएसएस के वॉलंटियर्स ने देश के सामर्थ्य को बढ़ाया, उसका पूरे देश ने अनुभव किया है। बीते कुछ हफ्तों में मुझे युवाओं से मिलने का मौका मिला।

## युवाओं से अपील... जी-20 के बारे में पढ़ें, इस पर चर्चा करें



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं से संवाद 2 कारणों से मेरे लिए महत्वपूर्ण है। एक तो इसलिए कि युवाओं में ऊर्जा होती है, ताजगी होती है जुनून होता है और नयापन होता है। युवाओं के माध्यम से सारी सकारात्मकता मुझे लगातार प्रेरित करती रहती है। दूसरा युवा देश की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी युवा हैं। देश के निर्माण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी युवाओं के कंधे पर है। उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं के जितने नए अवसर हैं, वो अभूतपूर्व हैं। आज देश स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान चला रहा है। स्पेस सेक्टर से लेकर एनवॉयरनमेंट और क्लाइमेट से जुड़े चैलेंज तक भारत आज पूरी दुनिया के भविष्य के लिए काम कर रहा है। जी-20 की जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि इस साल हमारा भारत जी-20 की अध्यक्षता भी कर रहा है। ये भारत के लिए एक बड़ा अवसर है। आप इसके बारे में भी जरूर पढ़ें। स्कूल, कॉलेज में भी इससे जुड़ी चर्चा करें। इस समय देश अपनी विरासत पर गर्व और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। पीएम ने कहा कि आप देश की महान पारंपरिक प्रथाओं को अपनाएं और उन्हें संजोएं। योग का अभ्यास करें, एक स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करें।

## मिस्र के राष्ट्रपति ने मोदी से की भेंट

गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत आए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सीसी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। बातचीत के बाद पीएम मोदी ने दिल्ली में मिस्र के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा, भारत और मिस्र विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से हैं। दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत मिस्र कूटनीतिक सम्बंधों के 75 साल पूरे होने पर दोनों ओर से डाक टिकट का आदान प्रदान हुआ। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए सीईआरटी इंडिया और सीईआरटी इजिप्ट के बीच समझौता हुआ है। साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत-मिस्र के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी समझौता हुआ।

## बिहार के दो पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पुलिस पदक

**पटना।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यों की पुलिस और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स को दिए जाने वाले गैलेंट्री, प्रेसिडेंट पुलिस मेडल और पुलिस मेडल के लिए नामों की घोषणा बुधवार को कर दी गई। जारी लिस्ट के अनुसार इस बार बिहार को कुल 19 मेडल मिलने जा रहा है। इसमें दो पुलिस अफसरों को राष्ट्रपति पुलिस पदक व आईपीएस अधिकारी व आईजी हेडक्वार्टर विनय कुमार समेत 17 अधिकारी व जवानों को पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा।

**इन्हें मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस पदक**

1. विनय कुमार शर्मा, एसडीपीओ, नीमचक बथानी, गया।
2. विनय कृष्णा, इंस्पेक्टर, आर्थिक अपराध इकाई।

**इन्हें मिलेगा पुलिस पदक**

1. विनय कुमार, आईजी हेडक्वार्टर।
2. अलमनाथ भूइयां, हवलदार, किशनगंज।
3. अक्षयवर नाथ पांडेय, कांस्टेबल, पटना।
4. संजय कुमार शेखर, एएसआई, एटीएस
5. संतोष कुमार दीक्षित, एएसआई, सीआईडी
6. आलोक कु., हवलदार, एससीआरबी पटना
7. देवेंद्र कुमार, एएसआई, सीआईडी पटना।
8. धर्मराज शर्मा, कांस्टेबल, हेडक्वार्टर, पटना।
9. धनंजय कु., कांस्टेबल (107), सीआईडी पटना।
10. बैजनाथ कुमार, कांस्टेबल, किशनगंज।
11. संजय कु., कांस्टेबल (69), सीआईडी पटना।
12. मुख्तार अली, कांस्टेबल, (217), सीआईडी पटना।
13. अवधेश कु. सिंह, हवलदार, बीएमपी-4 डुमरांव।
14. बोसाइंद, हवलदार, बीएमपी-4, डुमरांव।
15. पंचरत्न गोंण, हवलदार, बीएमपी-4, डुमरांव।
16. सिकंदर कु., हवलदार, बीएमपी-4 डुमरांव।
17. सत्येंद्र कुमार, हवलदार, बीएमपी-4, डुमरांव।

# फर्जी पेपर पर अनुदान लेने वाले मदरसों की होगी जांच, कोर्ट के आदेश पर तीन सदस्यीय कमेटी गठित

**केटी न्यूज/पटना**

फर्जी कागजात के आधार पर राज्य से अनुदान लेने वाले मदरसों की जांच होगी। पटना हाई कोर्ट ने इससे संबंधित लोकहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के 2,459 मदरसों की जांच करने का आदेश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को दिया है। चीफ जस्टिस संजय करोल व जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने जांच पूरी होने तक 609 मदरसों को अनुदान राशि देने पर रोक लगा दी है। यह याचिका मो. अलाउद्दीन बिस्मिल ने दायर की है।

कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव को जल्द राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर उनके संसाधनों के बारे में जांच करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता के वकील राशिद इजहार ने कोर्ट को बताया कि माध्यमिक शिक्षा के विशेष निदेशक मो तस्नीमुर रहमान ने सीतामढ़ी जिला के सरकारी अनुदान वाले 88 मदरसों में फर्जी दस्तावेज पर अनुदान लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षा विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने हाई कोर्ट में जवाबी हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने कोर्ट को बताया कि राज्य के अन्य जिलों के 609 मदरसों जो सरकारी अनुदान प्राप्त किया है उन सभी की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कोर्ट के आदेश के बाद मदरसा प्रबंधकों के बीच खलबली मची हुई है।









केशव टाइम्स
बक्सर, 26 जनवरी 2023





website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com




## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**आरा।** भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव में मंगलवार रात घर में रजाई ओढ़ कर सो रहे एक बच्चे पर करंट प्रवाहित तार गिर पड़ा। उसमें झुलस कर मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गयी। शॉर्ट सर्किट की वजह से गिरे तार से रजाई में आग लग गयी। इसमें बच्चा बुरी तरह गया। करंट लगने की भी बात कही जा रही है। मृत बच्चा सेमरांव गांव निवासी करिया राम का 8 वर्षीय पुत्र सुबोध राम था। घटना को लेकर गांव में देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृत बच्चे के चाचा हरेराम ने बताया कि मंगलवार की रात सुबोध घर में रजाई ओढ़ कर सोया था। घर के अन्य लोग आंगन में थे। तभी शार्ट सर्किट के कारण अचानक तार टूट कर उस पर गिर पड़ा है। जिससे वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।

### फूल-पत्ती के विवाद में चली गोलियां

**आरा।** बिहिया थाना क्षेत्र के महुआंव गांव के तुलसी टोला में बुधवार की दोपहर जमीन और फूल-पत्ती के विवाद में गोलियां चल गयीं। एक पक्ष की ओर से की गयी ताबड़तोड़ फायरिंग में दो सगे भाइयों को छर्रा लग गया है। उनमें एक के सर, तो दूसरे भाई के शरीर के हिस्से में छर्रा लगा है। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों का इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। घायलों में महुआंव गांव तुलसी टोला निवासी राज कुमार सिंह का बेटे मनोज कुमार और बबलू कुमार शामिल है। पड़ोस के एक ही परिवार के नौ लोगों पर गोली मारने का आरोप लगाया है।

### संयोग: गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी आज, दोनों कार्यक्रम को लेकर छात्रों में उत्साह

# झंडोत्तोलन के साथ विद्या की अराध्य देवी मां शारदे की होगी पूजा-अर्चना

- किला मैदान में होगा मुख्य कार्यक्रम, डीएम करेंगे ध्वजारोहण
- डुमरांव में झंडोतोलन करेंगे एसडीएम कुमार पंकज

**केटी न्यूज/बक्सर**

आज एक साथ 74 वां गणतंत्र दिवस और वसंत पंचमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी व निजी दफ्तारों के अलावे बड़ी संख्या में लोगों के घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराएगा। जबकि गुरूवार को ही वसंत पंचमी भी है। झंडोत्तोलन के बाद ही विद्या की अराध्य देवी मां शारदे की पूजा की जाएगी।

पूर्व संध्या पर गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को सभी शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा की तैयारी जोरों पर रही। प्रमुख राष्ट्रीय त्योहार गणतंत्र दिवस और विद्या की अराध्य देवी की पूजा एक ही दिन होने से जिलेभर में छात्र-युवाओं में उत्साह बढ़ गया है। जिला मुख्यालय का मुख्य समारोह किला मैदान में होगा। जहां डीएम अमन समीर झंडोत्तोलन करेंगे। इसके बाद विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग झांकी निकाली जाएगी। वही डुमरांव अनुमंडल का मुख्य कार्यक्रम राज हाई स्कूल के खेल मैदान आयोजित होगा। जहां डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज झंडोतोलन करेंगे। जबकि एनसीसी व एनएसएस के वोलंटियर, विभिन्न स्कूलों की झांकी व परेड टीम मार्च पास्ट करेगी।



रैली निकालते एनसीसी के कैडेट्स


कार्यक्रम के लिए तैयार बक्सर का किला मैदान।

## केसठ में आयोजित हुई दक्ष खेलकूद प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखण्डस्तरीय वार्षिक दक्ष खेल प्रतियोगिता का आयोजन उच्च विद्यालय केसथ के खेल मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन केसठ पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान और बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 वीं के 12 से 17 वर्ष के बच्चों ने विभिन्न खेल स्पधाओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बता दे कि इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर बच्चों ने मन मोह लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बीडीओ ने मेडल व कॉपी कलम से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार एवम् नसरूदीन अंसारी ने किया। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में शारीरिक शिक्षक सतेंद्र कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाई। वही बीडीओ ने कहा कि खेल बच्चों व युवा वर्ग के लिए बहुत जरूरी है।

## मुंगासी गोलीबारी मामला: जख्मी ने पिता-पुत्र पर दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार की सुबह डुमरांव थाना क्षेत्र के मुंगासी गांव में जमीन विवाद में हुई गोलीबारी मामले में जख्मी नंद कुमार राय ने अपने बड़े भाई प्रमोद कुमार राय व उसके पुत्र कृष्ण कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच व आरोपियों की धर पकड़ में जुट गई है। बता दें कि मंगलवार को रास्ते के विवाद को लेकर मुंगासी गांव में दो भाईयों के परिवार के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें बड़े भाई तथा उसके पुत्र ने दूसरे पक्ष पर गोली चलाया था। एक गोली नंद कुमार के पैर के अंगुठे में लगी थी। उनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है।

देर शाम जख्मी ने इस मामले में अपने सगे भाई तथा उसके पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया। वही सगे भाईयों के बीच महज कुछ धुर जमीन के लिए चली गोली की चर्चा दूसरे दिन भी गांव में होते रही। सूत्रों की मानें तो दोनों के बीच रास्ते का विवाद लंबे समय से चल रहा था। प्रमोद कुमार द्वारा रास्ते की घेराबंदी भी करा दी गई थी। मंगलवार को नंद कुमार के परिवार का एक लड़का बाइक से इस घेराबंदी को तोड़ रास्ते में घुस गया था। इसकी बात को ले विवाद शुरू हुआ था। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपी फरार हो गए है।

## टीबी के इलाज के दौरान दवाओं का अनियमित सेवन खतरनाक

- दवाओं को छोड़कर फिर से शुरू करने से पहले टीबी की जांच जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकार ने वर्ष 2025 तक टीबी को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस क्रम में जिलाधिकारी अमन समीर ने भी टीबी की योजनाओं और सेवाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। ताकि, लोगों में जागरूकता फैले और इसे जल्द से जल्द मिटाया जा सके। इस क्रम में जिला यक्ष्मा केंद्र अब वृहद् स्तर पर लोगों को जागरूक करने की तैयारी कर रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम होगी। सरकारी अस्पताल और डॉट्स केंद्रों में इसका निःशुल्क इलाज होता है। लेकिन इसकी दवा का नियमित सेवन करना होगा। इलाज चलने तक दवा की पूरी डोज लेना जरूरी है।

**दवाओं का पूरा कोर्स करना जरूरी :** सिविल सर्जन सह प्रभारी सीडीओ डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, टीबी लाइलाज रोग नहीं है। इसका संपूर्ण और निःशुल्क इलाज सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। टीबी की दवा बीच में छोड़ना खतरनाक है। पूरा कोर्स करना जरूरी है, तभी टीबी से मुक्ति मिल सकती है। दवा शुरू होने के एक माह बाद ही रोगी स्वस्थ महसूस करने लगते हैं। ऐसे में कई रोगी दवा छोड़ देते हैं। बीच में दवा छोड़ने से वे ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के शिकार बन जाते हैं, जिनका उपचार मुश्किल हो जाता है। वहीं कई लोग ऐसे भी हैं जो दवाइयां छोड़ते तो हैं लेकिन जब उन्हें परेशानी होती है तब वो बिना जांच के ही दवाएं खा लेते हैं। जो बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। ऐसे में मरीज एमडीआर (मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट) टीबी की चपेट में आ जाते हैं।

**बेहतर पोषण से हो सकता है बचाव :** टीबी मरीजों को सरकार इलाज के दौरान निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये की सहायता राशि भी दे रही है। लेकिन इसके लिए टीबी पीड़ितों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है। बेहतर पोषण से रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर टीबी जैसे गंभीर रोग से बचा जा सकता है। इसके लिए खासकर प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए। सोयाबीन, दालें, मछली, अंडा, पनीर आदि में प्रोटीन की काफी मात्रा होती है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करती है। कमजोर इम्युनिटी से टीबी की बैक्टीरिया के सक्रिय होने की संभावना अधिक होती है। टीबी की बैक्टीरिया शरीर में ही होती है, लेकिन अच्छी इम्युनिटी से इसे सक्रिय होने से रोका जा सकता है।




### इन लक्षणों के दिखने पर जांच अनिवार्य

दो हफ्ते से ज्यादा लगातार खांसी, खांसी के साथ बलगम का आना, कभी-कभी बलगम के साथ खून का आना, भूख कम लगना, लगातार वजन कम होना, शाम या रात के वक्त बुखार आना, सर्दी में भी पसीना आना, सांस उखड़ना या सांस लेते हुए सीने में दर्द होना इत्यादि टीबी के लक्षण हो सकते हैं। टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है। यह आमतौर पर फेफड़ों से शुरू होती है। लेकिन यह ब्रेन, यूटरस, मुंह, लिवर, किडनी, गला, हड्डी आदि हिस्से में हो सकती है। टीबी की बैक्टीरिया का खांसने और छींकने के दौरान मुंह-नाक से संक्रमण फैलता है।

## बीएमपी फोर के पांच जवानों को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक









- 18 साल तक सेवा पूरी कर लेने वाले जवानों को दिया जाता है यह पुरस्कार

**डुमरांव।** गणतंत्र दिवस के मौके पर डुमरांव बीएमपी- 4 के पांच पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिले है। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले पांचों जवान बीएमपी में हवलदार के पद पर तैनात है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीएमपी-4 की कमांडेंट वीणा कुमारी ने बताया कि यह पुरस्कार वैसे जवानों को दिया जाता है जो 18 साल तक सेवा पूरी कर लिए है तथा सेवाकाल के दौरान अपनी ड्यूटि नियमित किए है तथा कभी अनुशासनहीनता का आरोप नहीं लगा है।

जिन हवलदारों को राष्ट्रपति द्वारा मेडल दे सम्मानित किया गया है उनमें हवलदार अवधेश कुमार, सिकंदर कुमार, बोबस आईन्द, सत्येन्द्र कुमार और पंचरत्न गोंड शामिल है। कमांडेंट ने बताया कि 26 जनवरी को राष्ट्रपति पुलिस पदक पाने वाले पांचों हवलदारों को बीएमपी - 4 द्वारा भी सम्मानित किया जाएगा। वही राष्ट्रपति पदक पाने वाले बिहार सैन्य पुलिस के पुलिसकर्मियों ने इसे सेवा काल का सबसे बड़ा इनाम बताया।













### जिला मुख्यालय में अन्त्योदय सेवा संस्थान के बैनर तले निकली तिरंगा यात्रा

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर निकली 251 मी. लंबी तिरंगा यात्रा, दिखा देशभक्ति का जज्बा

❐ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहे पुलिस जवान

**केटी न्यूज/बक्सर**



राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक 74वें गणतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर बुधवार को बक्सर में ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाला गया। अंत्योदय सेवा संस्थान के संयोजक व युवा समाजसेवी गिट्टू तिवारी के संयोजकत्व में निकले इस तिरंगा यात्रा में 30 बिहार बटालियन एसीसी कैडेटों के अलावा हजारों की संख्या में सरकारी तथा गैरसरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

स्टेशन रोड स्थित कवलदह पोखरा से 251 मीटर लंबे तिरंगा के साथ इस यात्रा में शामिल लोग भारत माता की जय का जयघोष करते हुए शहर के अंबेडकर चौक, ज्योतिप्रकाश चौक, कुंवर सिंह चौक और पिपरपांति रोड होते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया। इस तिरंगा यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं के हाथों में लहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज से सजे यात्रा में नगर के समाजसेवी, भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा का लोगों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया और साथ ही इसमें शामिल लोगों के लिए पानी पिलाने का भी इंतजाम किया गया था। तिरंगा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिसकर्मी भी लगे हुए थे। डीजे पर बजते देश भक्ति गीतों पर गणतंत्र दिवस के स्वागत को लेकर लोग झूमते नजर आ रहे थे। यह तिरंगा यात्रा बक्सर में आकर्षण का केन्द्र बना रहा। यात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ रहा था वैसे वैसे इसकी कतार भी लंबी होते जा रही थी। इस यात्रा को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक मौर्या, उप संयोजक अमृत गुप्ता तथा निशिकांत पांडेय का सराहनीय योगदान रहा।

## आंदोलनरत किसानों को ट्रैक्टर रैली की नहीं मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा के आंदोलनकारी किसानों द्वारा 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली निकाला जाना है। लेकिन पूर्व संध्या तक इस ट्रैक्टर रैली को प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। बक्सर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि रैली की स्वीकृति मांगने वालों द्वारा यह नहीं बताया गया है कि रैली में कितने किसान और कितनी ट्रैक्टर शामिल होगी। वही इसके रूट चार्ट को लेकर भी संशय था। यही कारण है कि उसकी स्वीकृति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक स्वीकृति के रैली निकालना गैर कानूनी है तथा विधि व्यवस्था की सारी जबावदेही आयोजकों को होगी। गौरतलब है कि थर्मल पॉवर प्लांट द्वारा भूमि अधिग्रहण किए जाने के बाद से ही चौसा के किसान लगातार आंदोलन कर रहे है। उनके आंदोलन में चर्चित किसान नेता राकेश टिकैत भी आए थे। उन्हीं के कहने पर किसान गणतंत्र दिवस के दिन टैज्क्टर रैली निकाल रहे है। प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के बाद देखना है कि आंदोलनकारी किसानों द्वारा क्या रणनीति बनाई जा रही है।






## मिली सफलताः मालगाड़ी का वैगन तोड़ गेहूं चुराने वाले गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

◆ 22 जनवरी की रात मालगाड़ी से हुई थी गेहूं के बोरों की चोरी

बक्सर रेल पुलिस की टीम ने तीन दिन पहले होम सिगनल पर खड़ी मालगाड़ी का वैगन तोड़ गेहूं के बोरे की चोरी करने वाले सात चोरों को गिरफ्तार किया है। जबकि इस मामले में एक चोर को मौके से पकड़ा गया था। उसी के निशानदेही पर चोरी गए 18 बोरी गेहूं को बरामद भी किया गया था। जबकि पूछताछ के दौरान उसने अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए थे। जिन्हें छापेमारी कर रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बुधवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश से आए गेहूं के रैक को तोड़ कर 18 बोरी गेहूं की चोरी की गई थी। मौके पर एक चोर को गिरफ्तार किया गया था। जबकि अन्य सात भाग गए थे। पकड़े गए चोरों में नया बाजार निवासी मिथुन कुमार, अमित कुमार, ओम प्रकाश उर्फ बेचन उर्फ सूर्य प्रकाश उर्फ घुरुल, विश्वामित्र कुमार, जय कुमार उर्फ मंगरु तथा एक नाबालिग शामिल हैं। आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि चोरों की गिरफ्तारी उनकी टीम के लिए बड़ी कामयाबी है।

## अग्निशमन विभाग के जवान पर गायिका ने लगाया नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म का आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

◆ भोजपुरी का स्टार बनाने का झांसा देकर लूट ली अस्मत

भोजपुर जिले में अग्निशमन विभाग में तैनात एक जवान पर पटना के पास स्थित फतुहा की रहने वाली गायिका ने भोजपुरी अलबम व सिनेमा में काम दिलवाने के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। महिला थाना बक्सर को दिए आवेदन में गायिका ने बताया है कि आरोपी सिपाही दिनेश मिश्र ने उसे भोजपुरी का स्टार बनाने का झांसा दिया था। इसी झांसे में वह उसके बहकावे में आ गई थी। वह मुझे लेकर बक्सर आया था। यही होटल में दो अल्बम भी सूट हुए थे। लेकिन रात में कोल्डड्रिंक्स में नशीला पदार्थ पिला अस्मत लूट लिया। पीड़िता ने बताया है कि होश में आने के बाद उसने उस जगह का वीडियो भी अपने मोबाईल से बनाया है। पीड़िता ने वह वीडियो भी पुलिस को दिए है। इधर मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी सिपाही फरार हो गया है।






### गणतंत्र दिवस को ले आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान

**बक्सर।** गणतंत्र दिवस को ले आरपीएफ बक्सर स्टेशन पर अलर्ट मोड में नजर आई। पूर्व संख्या पर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ की टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों और संदिग्ध प्रतीत होने वाली वस्तु का चेकिंग किया। साथ ही संदिग्ध प्रतीत होने वाले यात्रियों से पूछताछ के बाद संतुष्ट होने पर छोड़ा गया। इस चेकिंग अभियान को देखते हुए स्टेशन परिसर तथा प्लेटफॉर्म पर यात्रियों में कौतूहल बना रहा। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक दीपक ने बताया कि गणतंत्र दिवस को देखते हुए किसी अप्रत्याशित घटना के रोकथाम हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध प्रतीत होने वाले यात्रियों से पूछताछ भी की जा रही है और उनके पास के सामानों की भी चेकिंग की जा रही है। ताकि इस राष्ट्रीय महापर्व पर किसी अनहोनी से बचा जा सके।

### कतकिनार में गौशाला में लगी आग, तीन गाय झुलसी

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के कतिकनार गांव के बिहारी सिंह के गौशाला में आग लग गई। घटना गत रात्रि का बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग के चपेट में आने से 3 गाय बुरी तरह से झुलस गई है। जिसका उपचार चल रहा है। आग कि लपटे इतनी तेज थी कि गौशाला के साथ-साथ उसमें रखें गये पाईप, चारपाई, पुआल आदि सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जाता है। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि इस घटना में पीड़ित को लाखों रूपए का नुकसान हुआ है। पशुधन के झुलसने से पीड़ित काफी आहत दिखा। पीड़ित द्वारा प्रशासन से आर्थिक मदद का उम्मीद लगाई जा रही है। मौके पर पहुंचे ग्रामीण अमर सिंह, रजनीश यादव, सुरेश, प्रदीप कुमार आदि जनप्रतिनिधियों ने सांत्वना देते हुए मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिए।













### गाजीपुर के पीजी कॉलेज मैदान में 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन, विभिन्न स्कूल के बच्चों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

# वोट का महत्व समझें, खुद डालें व दूसरों को भी प्रेरित करें : डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर के पीजी कॉलेज गोराबाजार मैदान में बुधवार को 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इस मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आगंतुकों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें मतदान करने की शपथ दिलाई। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिए गए संदेश को एलईडी के माध्यम से प्रसारित किया गया।



मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए शेल्फी प्वाइन्ट पर फोटो खिंचवाकर मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को प्रथम बार मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ एंव वोटर आईडी कार्ड दिया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार परिसर से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। रैली के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अपने संबोधन में कहा कि 25 जनवरी को देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। क्योंकि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी, इसलिए वर्ष 2011 में इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस घोषित किया गया था। हम 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहे हैं। इसका उद्देश्य मतदाताओं के पंजीकरण में वृद्धि करना विशेषकर युवा मतदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और सार्वभौमिक व्यस्त मताधिकार सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके युवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर या बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराते हुए लोकतंत्र का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मे भागीदारी एवं शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग कर एक मजबूत राष्ट्र निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा आपका वोट है, अपने वोट का उपयोग अवश्य करें, वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे। उन्होंने कहा हार जीत में एक व्यक्ति के वोट की भी भागीदारी हो सकती है ,आपके वोट पर ही किसी की हार जीत निश्चित हो इसलिए वोट अवश्य डालें और वोट डालने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।



## मतों से सुनिश्चत होता है देश का भविष्य

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारा देश एक लोकतांत्रिक गणराज्य है और लोकतंत्र में जनता की ताकत उसकी मतों से आकी जाती है। मतों से देश का भविष्य सुनिश्चत होता है। मतदाता लोकतंत्र की मुख्य रीढ़ होता है । अपनी इच्छा और विवेक से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। आपका वोट आपकी ताकत है। क्षणिक लालच में आकर अपने मताधिकार का दुरुपयोग ना करें आपके वोट से एक अच्छी सरकार चुनी जाती है। इसके साथ ही विधान सभा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरओ, एआरओ एंव बीएलओ को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने जनपद की अनुराधा कुशवाहा, शालू सिंह, अमजीत सिंह, अनुराग चतुर्वेदी मो शाहिद एंव विश्वजीत केवट को प्रथम बार मतदाता सूची में नाम दर्ज होने पर बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ एंव वोटर आई डी कार्ड दिया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष चन्द्र प्रसाद कार्यक्रम एवं लेखा सहायक नेहरू युवा केन्द्र ने किया तथा धन्यवाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी विरा अरूण सिंह ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, अपर उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी, प्राचार्य पीजी कालेज डा राघवेन्द्र सिंह, जिला दिव्यांग अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा, आईकान के रूप में उपस्थित समाज सेवी सविता सिंह एवं अरविन्द शर्मा, तहसीलदार सदर, जिला युवा अधिकारी कपिलदेव राम, अमित सिंह प्रोग्रामर टेरी पीजी कालेज, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर विनय सिंह, एंव अन्य उपस्थित थे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनो की 100 मीटर ट्राई साईकिल रेस एवं जिला खेल कार्यालय द्वारा 100 एंव 200 मीटर की बालक/बालिका दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनो की 100 मीटर ट्राई साईकिल रेस मे प्रमोद कुमार बिन्द प्रथम स्थान, रवि यादव द्वितीय एंव मनोज कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर बालक/बालिका दौड़ में अमित यादव प्रथम स्थान, साजिद अली द्वितीय, गौरव कुमार तृतीय एवं बालिका वर्ग में प्रीति कुमारी प्रथम, प्रीति साहनी द्वितीय एवं पूजा बिन्द तृतीय स्थान पर रही वही 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अमित यादव प्रथम, राहुल यादव द्वितीय एवं अंकित तृतीय स्थान पर रहे तथा 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में प्रीति कुमारी प्रथम, प्रीति साहनी द्वितीय एवं पूजा बिन्द तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रीति यादव एवं प्रीति विश्वकर्मा प्रथम स्थान, निशू एंव अंकिता विश्वकर्मा द्वितीय स्थान एंव अनन्या राय, अर्पिता उपाध्याय तृतीय स्थान पर रही।

## खबरें फटाफट

### नहर टूटने से दो गांवों के किसानों की फसल जलमग्न

**गाजीपुर।** गाजीपुर के मरदह ब्लाक में नहर टूटने से दो गांवों की फसल जलमग्न हो गई है। इससे किसानों में हाहाकार मच गया है। दो दिन बाद भी कोई जिम्मेदार किसानों की सुधि लेने नहीं पहुंचा। हालांकि नहर की मरम्मत के बाद किसानों ने राहत की सांस जरूर ली है। लेकिन उन्हें फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है। बिरनो ब्लाक के भोजापुर गोनिला चौहान बस्ती के पास से गुजर रहा 32 किलोमीटर लंबी बद्धोपुर - मटेहूं मरदह राजवाहा के सोमवार व मंगलवार की देर रात्रि में दो बार टूटने से गोनिला एवं मरदह ब्लाक के करदह कैथवली गांव के सैकड़ों किसानों की सैकड़ों बीघा के आसपास फसल जलमग्न हो गई। किसानों की सूचना पर नहर विभाग द्वारा पानी तो बंद कराया गया। टूटे हुए रजवाहा की मरम्मत कार्य शुरू कर दी गई। दो दिन बाद भी कोई अधिकारी किसानों की सुधि लेने नहीं पहुंचा, तो बुधवार क्षुब्ध किसानों ने प्रर्दशन करते हुए नारेबाजी की।

### 3 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजीपुर।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को तीन साल से फरार इनामी बदमाश को गिरफ्ताार किया है। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह को सूचना मिली कि 10 हजार का इनामिया बदमाश रोडवेज बस स्टैण्ड के पास खड़ा है। इस सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और सैदपुर के होलीपुर निवासी अच्छेलाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करें : न्यायाधीश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय के 10 कक्षीय सभागार में संजय कुमार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ की प्रस्तावना का वाचन कराया।



इस अवसर पर न्यायाधीश संजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को जनसामान्य को मताधिकार के महत्व को जानने एवं मतदान के लिए पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित करने हेतु मनाया जाता है। सभी को अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर कामायनी दूबे, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजीपुर ने कहा कि मतदान दिवस 2023 का थीम चुनाव को समावेशी, सुलभ और सहभागी बनाना है एवं लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को चुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर घनश्याम शुक्ल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट, पूजा सिविल जज (जू0डि0), मिताली सोनकर अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0-16, दीपिका सिविल जज (जू0डि0)/त्वरित कक्ष सं0-2 न्यायालय, साधना कुमारी सिविल जज (जू0डि0)/त्वरित कक्ष सं0-1 न्यायालय एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

## गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी को मिला एनुवल स्टेट अवार्ड फॉर बेस्ट इलेक्ट्रोल पार्टी-2022

**गाजीपुर।** भदोही में निर्वाचन कार्य के दौरान उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश मनीष शुक्ल ने वर्तमान जिलाधिकारी के पद पर तैनात आर्यका अखौरी को 13वीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 के अवसर पर राज्य स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में एनुवल स्टेट अवार्ड फॉर बेस्ट इलेक्ट्रोल पार्टी अवार्ड-2022 (निर्वाचक नामावली प्रबन्ध) के लिए चयन कर सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो विशेष वाहक के माध्यम से प्रेषित किया गया है।




## पलिया खास में गड्ढा खुदाई के दौरान मिट्टी के ढेर में दबकर युवक की मौत




**केटी न्यूज/नरही**

थाना क्षेत्र के पलिया खास (बड़का खेत) गांव में खराब हैण्ड पम्प के रिबोर के लिए गड्ढे खुदाई के दौरान मिट्टी में दब कर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बड़का खेत पलिया खास गांव निवासी लालबच्चन राम का 17वर्षीय पुत्र रामबाबू राम बुधवार को दोपहर साढ़े तीन बजे अपने घर के आंगन में खराब हैण्ड पम्प को निकालने के लिए रामबाबू खुद गड्ढे की खुदाई कर रहा था। अचानक मिट्टी का ढ़ेर रामबाबू के ऊपर भरभरा कर गिर गया। पिता के चिल्लाने पर अगल बगल के लोग जुटे और मिट्टी को हटाया गया। इसके बाद युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## एसपी ने नवनिर्मित कक्ष का किया उद्घाटन

**गाजीपुर।** सैदपुर तहसील के खानपुर थाना में एसपी ओमवीर सिंह ने बुधवार को परिसर में बने नवनिर्मित थानाध्यक्ष के कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि दुखी पीड़ित और परेशान लोग थाने में आते है। उन फरियादियों के साथ पुलिस के बेहतर व्यवहार व कार्य करने के लिए स्वस्थ व स्वच्छ माहौल का होना बहुत जरूरी है। कानून व्यवस्था सुद्दण और पुलिसिंग सही होने से जिले में बाहर प्रदेशों के इन्वेस्टर्स आएंगे। जिससे जिले और क्षेत्र के साथ आप सब का भरपूर विकास होगा। एसपी सिटी गोपीनाथ सोनी ने कहा कि पुलिस का लोगों से मित्रवत व्यवहार व लोगों के सहयोग से इस प्रकार की सुंदरीकरण का पहल करना निश्चित रुप से सराहनीय कार्य है।




# सड़क दुर्घटना डाटाबेस एप्लीकेशन की मिली जानकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व उनसे होने वाली मृत्यु दर पर प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आईआईटी मद्रास के सहयोग से एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस एप्लीकेशन तैयार किया गया है। राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, बलिया द्वारा इसका कार्यान्वयन जनपद बलिया में किया जा रहा है, जिसमें आईआरएडी मोबाइल ऐप के जरिये दुर्घटना से संबन्धित आंकड़ों की विस्तृत जानकारी दर्ज होगी।



जनपद बलिया सहित प्रदेश के शेष 59 जिलों में दिनांक 15 मार्च 2021 से सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। आईआरएडी एप्लिकेशन के माध्यम से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण आईआईटी मद्रास के द्वारा किया जाएगा, जिससे सुरक्षा इंतजाम होने से जनपद बलिया में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यह एप्लिकेशन वेब आधारित सूचना तकनीकी समाधान है जिसके उपयोग से पुलिस विभाग को काफी मदद मिलेगी। आईआरएडी मोबाइल ऐप में सड़क दुर्घटना के तत्काल उपरांत दुर्घटना स्थल से ही स्थानीय पुलिस अधिकारी के माध्यम से सड़क दुर्घटना का लोकेशन, दुर्घटना की गंभीरता, दुर्घटना मे प्रभावित व्यक्ति का नाम, पता, उम्र, वाहन नंबर, लाइसेन्स संख्या, मौसम आदि का विवरण फोटो/विडियो सहित अपलोड किया जाएगा। अपलोड की प्रक्रिया पूर्ण होते ही सूचना संबंधित थाना प्रभारी के पास पहुँच जाएगी, इससे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत उपचार मिल पाएगा। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, बलिया श्री निजामुद्दीन अंसारी जी के निर्देशन में रोल आउट मैनेजर,आईआरएडी गौतम वर्मा द्वारा लोक निर्माण विभाग, बलिया के प्रांतीय खंड अवर अभियन्ताओं को आईआरएडी का प्रशिक्षण एनआईसी केंद्र बलिया में दिया गया।